नईदुनिया

संविधान गौरव दिवस पर प्रबुद्धजन विचार संगोष्ठी

भारत लोकतंत्र की ताकत से दुनिया में बना मजबूत राष्ट्र : डॉ. यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा और सशक्त लोकतांत्रिक देश है। वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल और प्रेस पर बंदिशों के बावजूद देश का लोकतंत्र मजबूत बना रहा।

शाहबानो प्रकरण से लेकर कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति तक विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ व्यक्तियों और दलों की दूषित मानसिकता ने संविधान को आहत किया। आज देश में संविधान को पूरा महत्व और सम्मान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संविधान गौरव दिवस पर आयोजित प्रबुद्धजन विचार संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। संगोष्ठी से पहले मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



डॉ. यादव ने कहा कि संविधान नागरिकों को अधिकार और शक्ति देता है। देश में प्रत्येक पांच वर्ष में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव होते हैं और नागरिक अपने प्रतिनिधि चुनते हैं। संविधान निर्माण में मध्यप्रदेश की विभूतियों का भी योगदान रहा है। उन्होंने राजकुमारी अमृत कौर, स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके संघर्ष से लोकतंत्र और स्वतंत्रता मजबूत हुई।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि संविधान ने देश को न्याय, समानता, एकता और बंधुत्व का मार्ग दिखाया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सदस्यों ने भारत की अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प पर भी जोर दिया।

उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य ने संविधान के अधिकारों और कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी संविधान गौरव दिवस और डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद किया। कार्यक्रम में कृष्णा गौर, मालती राय, रामेश्वर शर्मा और भगवानदास सबनानी उपस्थित थे।

नौ शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से कम पर रहा

भोपाल में शीतलहर की हैट्रिक दमोह में पारा सात डिग्री पर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हवाओं का रुख उत्तरी बना हुआ है। मौसम साफ रहने के साथ ही लगातार शीतल हवाएं चलने से मध्य प्रदेश में ठंड धीरे-धीरे जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात सबसे कम 7 डिग्री सेल्सियस तापमान दमोह में दर्ज किया गया।

भोपाल में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। भोपाल में लगातार तीसरे दिन शीतलहर का प्रभाव रहा। नौ शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम पर रहा। शुक्रवार-शनिवार को भोपाल के अलावा शाजापुर, दमोह एवं कटनी में शीतलहर चलने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर प्रदेश पर द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। दक्षिणी बांग्लादेश और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। गुजरात उसके आसपास भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। इसके अतिरिक्त उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तरी ओडिशा- पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र के तटों भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। मौसम विज्ञानी पीके रायकवार ने बताया कि वर्तमान में कोई प्रभावी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है। साथ ही हवाओं का रुख भी उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। इस वजह से तापमान कम बने हुए हैं। इस तरह की स्थिति शुक्रवार-शनिवार को भी बनी रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि किसी प्रभावी मौसम प्रणाली के मौजूद नहीं रहने की वजह से मौसम साफ है। इस वजह से न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे कम हो रहा है। इस तरह की स्थिति अभी तीन-चार दिन तक बनी रह सकती है।

वक्फ बोर्ड की अंतर्विभागीय समिति गठित

नप्र, भोपाल : वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 एवं वक्फ अधिनियम 1995 के अंतर्गत राज्य शासन ने मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.सनवर पटेल की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण सचिव-सह-आयुक्त सतेन्द्र सिंह, विधि एवं विधायी कार्य के अतिरिक्त सचिव प्रवीण हजारे, जनजातीय कार्य विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी मुहम्मद सिराज खान सदस्य होंगे। पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण के सहायक संचालक होमेन्द्र पटले को सदस्य-सचिव नामित किया गया है।

शोक संवेदना व्यक्त

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को उज्जैन प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत ढेंडिया की सरपंच सावित्री नरेंद्र पोरवाल के निवास पहुंचकर उनकी सास लीला बाई पोरवाल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

उज्जैन में चारों शंकराचार्यों के स्थायी स्थान विकसित करने की पहल शुरू



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को उज्जैन के ग्राम ढेंढिया में निर्माणाधीन श्रीशारदापीठ श्रृंगेरी शंकर मठ में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा और कुंभाभिषेक महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी विधुशेखर भारती महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने उन्हें अंगवस्त्र और फल की टोकरी भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने मठ में मां शारदा, मां अंबा, भगवान शिव, गणेश, कार्तिक स्वामी, हनुमानजी और नवग्रह देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा के धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता कर पूजन-अर्चन किया। अनुष्ठान श्रृंगेरी मठ, कर्नाटक से आए विद्वान ब्राह्मणों ने संपन्न कराया। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि उज्जैन में चारों शंकराचार्यों के स्थायी स्थान विकसित किए जाएं। द्वारका शंकराचार्य के स्थान का निर्माण भी जारी है।

उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक महापुरुषों और शंकराचार्यों की उपस्थिति से उज्जैन की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक गरिमा बढ़ेगी। सिंहस्थ-2028 और उसके बाद भी ये केंद्र श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सीप-अंबर सिंचाई परियोजना का लोकार्पण आज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 नवंबर को सीहोर जिले के भैरूंदा में सीप-अंबर सिंचाई परियोजना के दोनों चरणों का लोकार्पण करेंगे। 536.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस परियोजना से भैरूंदा विकासखंड के 76 गांवों की 30,091 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में 41.44 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया जाएगा।

परियोजना के पहले चरण से 47 गांवों की 15,284 हेक्टेयर और दूसरे चरण से 29 गांवों की 14,807 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। पहले चरण के लिए 346.12 करोड़ रुपये और दूसरे चरण के लिए 190.11 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई थी। दोनों चरणों में क्रमशः 16.57 और 24.09 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। परियोजना के तहत नर्मदा नदी से पानी उठाकर पंप हाउस और भूमिगत दबावयुक्त पाइपलाइन के माध्यम से खेतों तक पहुंचाया जाएगा।

राज्यपाल को 'विधायिनी' का विशेषांक भेंट



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राज्यपाल मंगुभाई पटेल से विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को लोकभवन में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को 77वें संविधान दिवस के अवसर पर प्रकाशित विधानसभा पत्रिका 'विधायिनी' का विशेषांक भेंट किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि विशेषांक में संविधान से संबंधित विविध आलेखों और संविधान निर्माण में मध्यप्रदेश के योगदान की जानकारी संकलित की गई है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित पांच विधानसभा अध्यक्षों और विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के प्रतिनिधियों के आलेख प्रकाशित किए गए हैं।

विशेषांक में संविधान सभा में मध्यप्रदेश के योगदान पर शोध सामग्री और मूल संविधान के 22 चित्र भी शामिल हैं। विकसित भारत-2047 में नागरिकों की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए संकल्प पत्र भी प्रकाशित किया गया है।



• जोर का झटका धीरे से...

अपनी सफलता का जश्न मना रहे एक बड़े साहब की उम्मीद थी कि दो दिन का समय आगे बढ़ाने और रिटायरमेंट की तारीख घोषित करवाने में सफल होने के बाद सब कुछ उनके मुताबिक रहेगा, लेकिन उनकी नींद तब उड़ गई, जब पता चला कि दो दिन नहीं, पूरे 90 दिन का एक्सटेंशन मिल रहा है। साहब को तो पैरों के नीचे से जमीन खिसकती नजर आ रही है।





• साथ रहने की आस टूटी...

नौकरी में चयन के साथ ही दोस्ती से आगे बढ़े दो अधिकारियों को अब पदस्थापना के दौरान अलग-अलग जिलों में भेज दिया गया है, जो उनकी दोस्ती में सबसे बड़ी बाधा बन गई है। आसपास रहने के लिए तमाम कोशिशें की गईं। कुछ जिलों के नाम भी सुझाए गए। नरसिंहपुर और होशंगाबाद के बीच एक को पिपरिया तो दूसरे को गाडरवारा चाहिए था, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।

• उम्मीद में हुई भीड़...

एक बड़े साहब के घर मांगलिक कार्यक्रम के कारण मेहमानों का पहुंचना कोई बड़ी बात नहीं थी, लेकिन भविष्य के मुखिया के नाम की चर्चा ने साहब के यहां कुछ जरूरत से ज्यादा ही भीड़ बढ़ा दी।





• करें कोई, जवाब कोई और दे...

पिछले दिनों एक बड़े आयोजन में नियमानुसार कार्रवाई करने पर जवाब देना अब भारी पड़ रहा है। आखिर करें कोई और जवाब कोई दूसरा दे, ऐसा कब तक चलेगा? जिम्मेदारों से जवाब क्यों नहीं मांगा जाता? हर बार बड़े बच जाते हैं और छोटे, जिनका मामले से कोई लेना-देना नहीं होता, कार्रवाई के दायरे में आ जाते हैं।

• अपना देखें या दूसरे का...

शादी-विवाह का सीजन चल रहा है। एक युवा अधिकारी का विवाह भी जल्द होने जा रहा है, लेकिन इस युवा अधिकारी को एक बड़े अधिकारी के यहां विवाह से संबंधित जरूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे सभी से यही कहते नजर आए कि अपनी देखें या फिर साहब की व्यवस्था करें।





• इंतजार है बड़ी सर्जरी का...

लंबे समय से अपनी पदस्थापना का इंतजार कर रहे कुछ जिलों के अधिकारियों के तबादले और प्रमोशन के कारण मुख्यालय में बैठे कुछ साहब अब अपने उद्धार की उम्मीद लगाए बैठे हैं। कुछ तो रिटायर होने से पहले एक बार जिले में पदस्थ होना चाहते हैं, ताकि कम से कम कप्तान साहब कहलाने का सुख तो मिल सके।

प्रदेश में दो साल में तैयार होंगे 55 चिकित्सा महाविद्यालयः डॉ. यादव

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अगले दो साल में प्रदेश में 55 चिकित्सा महाविद्यालय बनकर तैयार होंगे। समाज कल्याण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

राष्ट्रसेवी स्व. शालिगराम तोमर का व्यक्तित्व और कृतित्व सभी के लिए प्रेरणादायी रहा। उन्होंने सीमित संसाधनों के बीच युवाओं को सद्कार्य से जोड़ने और कठिन परिस्थितियों में लोगों को साहस व संबल देने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से शाजापुर जिले की पोलायकलां तहसील में स्व. शालिगराम तोमर की पुण्यतिथि पर आयोजित निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पोलायकलां में आयोजित निःशुल्क हृदय जांच शिविर सराहनीय पहल है। इससे लोगों को अपनी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी मिलेगी और वे समय रहते उपचार व आवश्यक सावधानियां अपना सकेंगे। राज्य सरकार चिकित्सा सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रही है। प्रदेश में अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालय शुरू किए जा रहे हैं। आयुष्मान योजना से भी आमजन को लाभ मिल रहा है।

गोविंदपुरा में विकास कार्यों का भूमिपूजन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। वे वार्ड 53 के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रही थीं।

राज्यमंत्री ने बागसेवनिया, बागमुगालिया, जाटखेड़ी और दानिश नगर में 1.49 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। इनमें शंकराचार्य होम्स के समीप पुलिया निर्माण, पार्थसारथी पार्क के पास बाउंड्रीवॉल, संत आसाराम नगर में पेवर ब्लॉक और बागमुगालिया बस स्टॉप के पास पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य शामिल हैं।

ढोलक बस्ती जाटखेड़ी, संजय नगर और आसाराम नगर में नाली निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों पर 40 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। रुचि लाइफस्केप जाटखेड़ी में 32 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण भी कराया जाएगा।

दानिश नगर डी-1 स्थित पार्क में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक कम्युनिटी हॉल बनाया जाएगा। इसके साथ पार्क का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

राष्ट्रीय सतत ऊर्जा नवाचार कॉन्क्लेव आज

नप्र, भोपाल : पांचवें राष्ट्रीय सतत ऊर्जा नवाचार कॉन्क्लेव का आयोजन 27 नवंबर को भोपाल के कोर्टयार्ड बाय मैरियट में सुबह 10 बजे से होगा। इसमें वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि, ऊर्जा विशेषज्ञ और प्रौद्योगिकी प्रदाता प्रदेश के विद्युत क्षेत्र को सशक्त बनाने, नवाचार और सतत अधोसंरचना विकास पर चर्चा करेंगे।

कॉन्क्लेव जनवरी 2027 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले सरकार और उद्योग जगत के बीच संवाद का मंच बनेगा। इसमें विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नवाचारी समाधान, निवेश संभावनाओं और नीतिगत प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श होगा।

एमएसपी पर धान, ज्वार और बाजरा खरीदी की नीति जारी, धान उपार्जन 1 दिसंबर से

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान, ज्वार और बाजरा उपार्जन की नीति जारी कर दी है।

ज्वार और बाजरा की खरीदी 23 नवंबर से शुरू होकर 23 दिसंबर तक चलेगी, जबकि धान का उपार्जन 1 दिसंबर से 20 जनवरी 2027 तक किया जाएगा। खरीदी सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक होगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों को नीति का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम उपार्जन की नोडल एजेंसी होगी। सरकार ने धान कॉमन का समर्थन मूल्य 2441 रुपये, धान ग्रेड-ए का 2461 रुपये, ज्वार मालदंडी का 4073 रुपये, ज्वार हाइब्रिड का 4023 रुपये और बाजरा का 2900 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है धान खरीदी में 46 प्रतिशत पुराने और 54 प्रतिशत नए जूट बारदानों का उपयोग होगा, जबकि ज्वार और बाजरा का उपार्जन नए जूट बारदानों में किया जाएगा। किसानों को उपज बेचने के लिए उपार्जन केंद्र और तारीख का चयन कर स्लॉट बुकिंग करानी होगी।

सम्मानित

प्रदेश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को भी प्रदर्शित किया गया...

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश मंडप को कांस्य पदक

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः 45वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश मंडप को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

भारत मंडपम में भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष जावेद अशरफ ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में मध्यप्रदेश को यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रदेश की ओर से मंडप के संचालक बीएन तिवारी ने पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग के संयुक्त संचालक समरथ मंडलोई सहित अधिकारी, कलाकार और शिल्पकार उपस्थित रहे। मेले की थीम विकास और विरासत के अनुरूप मध्यप्रदेश मंडप को आकर्षक रूप से सजाया गया। यहां प्रदेश की औद्योगिक नीतियों, उपलब्धियों और निवेश संभावनाओं को प्रदर्शित किया गया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास नीति-2025, मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति एवं क्रियान्वयन योजना-2025 और औद्योगिक भूमि आवंटन से संबंधित नियमों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।



मंडप के प्रवेश द्वार को महाकाल लोक की थीम पर सजाया गया। उज्जैन की वेधशाला, वराहमिहिर की खगोलीय परंपरा और विक्रमादित्य वैदिक घड़ी को दर्शाया गया। खजुराहो, सांची, भीमबैठका, महेश्वर, राजवाड़ा और ग्वालियर दुर्ग सहित प्रदेश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को भी प्रदर्शित किया गया।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 43/आर-3 स्नेह नगर रोड, गोपालगंज सागर (म.प्र.) - 470001 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन -1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक : डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक : अपूर्व तिवारी। * भोपाल कार्यालय फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. MPHIN/2015/61503, www.naiduniaonline.com